**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 05 सितंबर -- 2026 समय 1305 (05 मिनट)**

आज शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में 48 स्कूली शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किए। ये शिक्षक 27 राज्यों, सात केंद्र शासित प्रदेशों और छह केंद्रीय सरकारी संस्थानों से चुने गए हैं। इसके अलावा, उच्च शिक्षा संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 21 शिक्षकों और प्राध्यापकों एवं कौशल विकास मंत्रालय के 13 कौशल प्रशिक्षकों को भी राष्ट्रीय पुरस्कार दिए गए। राष्ट्रपति ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों से अपने ज्ञान को लगातार बढ़ाने, नई तकनीक अपनाने और पढ़ाने के नए तरीकों का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पूर्व राष्ट्रपति और शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें महान शिक्षक बताया। उन्होंने सभी समर्पित शिक्षकों के योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया और शिक्षकों से विद्यार्थियों में स्वतंत्र सोच और जिज्ञासा की भावना विकसित करने का आग्रह किया।

*******************************************************************

**********प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षकों से पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर विद्यार्थियों के जीवन को बेहतर बनाने और उनके बचपन को सुरक्षित रखने में बड़ी भूमिका निभाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत की। सोशल मीडिया पोस्ट में इस मुलाकात की झलकियां साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि शिक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर विद्यार्थी के भीतर का बचपन जीवंत रहे।

श्री मोदी ने बच्चों में अत्यधिक स्क्रीन टाइम पर चिंता जताई। उन्होंने स्क्रीन की लत कम करने के लिए खेलकूद, बाहरी गतिविधियों और रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। उन्होंने नशीली दवाओं के बढ़ते खतरे पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि इसके प्रति लगातार जागरूकता फैलाने की जरूरत है।

*****************************************************************
**********
आज शिक्षक दिवस पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि शिक्षक ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास के साथ छात्रों के भविष्य को सशक्त बनाते हैं। सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए एक वीडियो संदेश साझा करते हुए, श्री जोशी ने महान विद्वान, दार्शनिक और शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि दी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि श्री राधाकृष्णन एक दूरदर्शी शिक्षक थे, जिनका शिक्षण के प्रति समर्पण और योगदान आज भी सभी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। श्री जोशी ने कहा कि शिक्षक दिवस पर इस साल स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों से 82 बेहतरीन शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026' से सम्मानित किया गया है। आज सम्मानित किए गए शिक्षकों को लेकर श्री जोशी ने कहा -

*****************************************************************
**********
आज शिक्षक दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य शिक्षक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी शिक्षकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह समारोह शिक्षा के प्रति शिक्षकों के समर्पण और योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और उन्हें बेहतर नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे हरियाणा को शिक्षा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने में सहयोग करें।

*****************************************************************
**********

आज पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में गोगा नवमी मनाई जा रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों को गोगा नवमी की बधाई दी है।

भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी को मनाई जाने वाली गोगा नवमी गोगाजी महाराज को समर्पित है। इस दिन नाग पूजन के साथ गोगाजी की आराधना की जाती है।

*************************************************************

**********